कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री राकेश कुमार वर्मा पुत्र श्री रामजीलाल वर्मा, निवासी आदर्श विधा मंदिर के सामने, पूनम टाकिज के पीछे, दौसा राजस्थान–303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा

अपील संख्या 21/2023

निर्णय

दिनांक 05.04.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2023/786 दिनांक 22.03.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा ने पत्र कमांकः भू0अ0/2023/1182 दिनांक 04.04.2023 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना सृजनात्मक प्रवृत्ति की होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना देय नहीं है। उक्त आशय की सूचना अपीलांट को पृथक से दी जा चुकी है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेखा भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.07.28 12:50:28 IST
Reason: SelfAttested

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा